पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# लखनऊ विश्वविद्यालय एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के बीच शैक्षणिक एवं क्लिनिकल प्रशिक्षण हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर

**लखनऊ, 08 अगस्त 2026**

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी के नेतृत्व में आज विश्वविद्यालय एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (Dr. RMLIM) के मध्य फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को क्लिनिकल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

एमओयू पर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) सी.एम. सिंह, विभागाध्यक्ष फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन डॉ. वरिंदर सिंह गोगई एवं लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा तथा निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

इस एमओयू का उद्देश्य लखनऊ विश्वविद्यालय के बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (B.PT) के छात्र–छात्राओं को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के अंतर्गत अस्पताल के ओपीडी, आईपीडी, आपातकालीन विभाग, आईसीयू, ऑर्थोपेडिक्स, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी, पीडियाट्रिक्स, प्रसूति एवं स्त्री रोग एवं फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन विभागों में प्रशिक्षण प्रदान करना है। यह प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश राज्य चिकित्सा संकाय एवं स्वास्थ्य सेवा व्यवसाय आयोग (NCAHP), भारत सरकार तथा अन्य संबंधित वैधानिक संस्थाओं द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित किया जाएगा।

डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) सी.एम. सिंह ने बताया कि दोनों संस्थान इंटरडिसिप्लिनरी ट्रेनिंग एवं अनुसंधान को संयुक्त रूप से बढ़ावा देंगे और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण क्लिनिकल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने एमओयू के सहयोग के लिए निदेशक, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान एवं उनके सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि यह साझेदारी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट व्यावहारिक अनुभव, अनुसंधान के अवसर और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ने का सशक्त मंच प्रदान करेगी।

इस अवसर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के कुलसचिव, डॉ. शैली महाजन, डॉ. भुवन चंद्र तिवारी, अन्य चिकित्सक एवं लखनऊ विश्वविद्यालय से डॉ. रोहित सिंह भी उपस्थित रहे।

---

**सम्पर्क सूत्र**–धर्मवीर खरे

रजनी जायसवाल/06:10 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
**वेबसाइट** :www.information.up.gov.in